**शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली**

**अभ्यास प्रश्न-पत्र**

**सत्र: 2024-25**

**कक्षा - ग्यारहवीं**

**समाजशास्त्र ( कोड : 039 )**

**अवधि: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश :**

**1. प्रश्न पत्र को चार खंडों में बांटा गया है।**

**2. कुल 35 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**3. खंड क में प्रश्न संख्या 1-16 है । ये बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रश्न के अनुसार, एक उत्तर हो सकता है।**

**4. खंड ख में प्रश्न संख्या 17-25 है । ये बहुत ही लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

**5. खंड ग में प्रश्न संख्या 26-32 है। ये लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।**

**6. खंड घ में प्रश्न संख्या 33- 35 है । ये दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

| | खण्ड [क] | |
|---|---|---|
| 1 | अभिकथन(A) : समाजशास्त्र व्यक्तियों के बीच बातचीत पर केंद्रित है<br>कारण (R) : समाजशास्त्र में समाज का विधिवत अध्ययन किया जाता है।<br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | अभिकथन(A) : ऐसे समूह जिनकी जीवन शैली का अनुकरण किया जाता है, संदर्भ समूह कहलाते हैं।<br>कारण (R) : किसी भी समूह के लोगों के लिए हमेशा ऐसे दूसरे समूह होते हैं जिनको वे अपने आदर्श की तरह देखते हैं और उनके जैसे बनना चाहते हैं।<br><br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है । | 1 |
| 3 | विषय के इतिहास को समझने से -<br>(क) विषय को समझने में सहायता मिलती है।<br>(ख) विषय को समझने में सहायता नहीं मिलती है।<br>(ग) विषय को समझने में दुविधा होती है।<br>(घ) विषय समझना कठिन होता है। | 1 |
| 4 | अभिकथन(A) : शक्ति व्यक्तियों या समूहों द्वारा दूसरों के विरोध करने के बावजूद अपनी इच्छा पूरी करने की योग्यता है ।<br>कारण (R) : सामाजिक संस्थाओं को समझने में दो संकल्पनाएँ बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। ये हैं - शक्ति और सत्ता ।<br><br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |
| 5 | प्रदत्त प्रस्थिति के विषय में क्या सही नहीं है -<br>(क) एक व्यक्ति जन्म से ग्रहण करता है ।<br>(ख) एक व्यक्ति अनैच्छिक रूप से ग्रहण करता है ।<br>(ग) इसका सामान्य आधार आयु, जाति, प्रजाति और नातेदारी है ।<br>(घ) एक व्यक्ति अपनी इच्छा, अपनी क्षमता, उपलब्धियों, सद्गुणों और चयन से प्राप्त करता है। | 1 |

https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| 6 | कानून सरकार द्वारा नियम या सिद्धांत के रूप में परिभाषित औपचारिक स्वीकृति है जिसका पालन नागरिकों को अवश्य करना चाहिए। कानून स्पष्ट होते हैं। ये पूरे समाज पर लागू होते हैं तथा कानूनों का उल्लंघन करने पर जुर्माना तथा सजा हो सकती है। यदि आपके घर में बच्चों को सूर्यास्त के बाद घर से बाहर रहने की अनुमति नहीं है तो यह एक मानक है।<br><br>दिए गए गद्यांश के आधार पर, प्रश्न 6 और प्रश्न 7 का उत्तर दें<br><br>कानून के विषय में क्या सही है -<br>I कानून औपचारिक स्वीकृति है ।<br>II कानून का पालन नागरिकों को अवश्य करना चाहिए।<br>III कानून का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है।<br>IV कानून का उल्लंघन करने पर सजा हो सकती है।<br>(क) केवल I<br>(ख) केवल II<br>(ग) III और IV<br>(घ) I ,II ,III ,IV | 1 |
| 7 | सूर्यास्त के बाद घर से बाहर रहने की अनुमति नहीं है । इसे आप क्या कहेंगे -<br>(क) यह एक मानक है।<br>(ख) यह एक कानून है।<br>(ग) यह एक ज़रूरी काम है ।<br>(घ) यह कानून का उल्लंघन है । | 1 |
| 8 | अभिकथन(A) : परिवार प्रत्यक्ष नातेदारी संबंधों से जुड़े व्यक्तियों का एक समूह है जिसके बड़े सदस्य बच्चों के पालन-पोषण का दायित्व लेते हैं।<br>कारण (R) : नातेदारी बंधन व्यक्तियों के बीच के वे सूत्र होते हैं जो या तो विवाह के माध्यम से या वंश परंपरा के माध्यम से रक्त संबंधियों ( माता-पिता, बहन-भाई, संतान आदि ) को जोड़ते हैं ।<br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | ऐसा अकसर कहा जाता है कि परिवर्तन ही समाज का अपरिवर्तनीय पक्ष है। आधुनिक समाज में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यह याद दिलाने की आवश्यकता नहीं होती कि परिवर्तन हमारे समाज की एक विशिष्ट पहचान है। सामाजिक परिवर्तन आधुनिक जीवन का एक आम तथा चिर परिचित सत्य है। तुलनात्मक दृष्टिकोण से भी यह एक सर्वथा नवीन तथा हाल की सच्चाई है ।<br><br>दिए गए गद्यांश के आधार पर, प्रश्न 9 और प्रश्न 10 का उत्तर दें<br><br>परिवर्तन के विषय में क्या सही है -<br><br>I परिवर्तन व्यक्ति की इच्छानुसार होते हैं ।<br>II परिवर्तन का पैमाना है कि वह कितने बड़े भाग को प्रभावित करता है ।<br>III परिवर्तन वस्तुओं को बुनियादी तौर पर बदल देते हैं।<br>IV परिवर्तन सामाजिक तब कहलाता है जब वह समाज के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करने वाला हो सके।<br>(क) केवल I<br>(ख) I और II<br>(ग) I, II और III<br>(घ) II , III और IV | 1 |
| 10 | ऐसे परिवर्तन जो काफी लंबे समय तक धीरे-धीरे होते है, को क्या नाम दिया गया है -<br><br>(क) धीमा विकास<br><br>(ख) उद्विकास<br><br>(ग) विकास<br><br>(घ) सम्पूर्ण विकास | 1 |
| 11 | अंतःसमूह में किस तरह की भावना होती है -<br><br>(क) दूरी की भावना<br><br>(ख) खेल की भावना<br><br>(ग) द्वेष की भावना<br><br>(घ) हम की भावना | 1 |
| 12 | विचलन का अर्थ है -<br><br>(क) वे क्रियाएँ जो समाज या समूह के अधिकतर सदस्यों के मूल्यों या आदर्शों के अनुसार होती है।<br>(ख) वे क्रियाएँ जो समाज या समूह के अधिकतर सदस्यों के मूल्यों या आदर्शों के अनुसार नहीं होती है।<br>(ग) वे क्रियाएँ जो सबको मान्य होती हैं ।<br>(घ) ऐसी मान्यताएँ जो समाज में एक आदर्श होती हैं । | 1 |

https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| 13 | अभिकथन(A) : मार्क्स का यह कहना था कि समाज ने विभिन्न चरणों में उन्नति की है।<br>कारण (R) : मार्क्स के लिए व्यक्ति को सामाजिक समूहों में विभाजित करने का मुख्य तरीका धर्म, भाषा, राष्ट्रीयता अथवा समान पहचान के बजाए उत्पादन प्रक्रिया के संदर्भ में था।<br><br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |
| 14 | अभिकथन(A) : गाँव ग्रामीण शोधकार्यों के स्थल के रूप में भारतीय समाजशास्त्र को कई तरह से लाभान्वित करते हैं।<br>कारण (R) : ग्रामीण अध्ययन ने समाजशास्त्र जैसे विषय को स्वतंत्र राज्य के परिप्रेक्ष्य में एक नयी भूमिका दी।<br><br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |
| 15 | किस को समाजशास्त्र के औपचारिक संकाय का संस्थापक माना जा सकता है क्योंकि वे सन 1913 में पेरिस में समाजशास्त्र के पहले प्रोफेसर थे ।<br>(क) एमिल दुर्खाइम<br>(ख) मार्क्स<br>(ग) वेबर<br>(घ) घुर्ये | 1 |
| 16 | निम्नलिखित कथनों को सही क्रम में रखिए।<br>I. प्रत्येक जाति ऐसा ही एक खंड है।<br>II. जाति एक ऐसी संस्था है जो खंडीय विभाजन पर आधारित है ।<br>III. दूसरे शब्दों में, जाति की सदस्यता केवल जन्म के आधार पर मिलती है।<br>IV. इसका अर्थ है कि जातीय समाज कई बंद, पारस्परिक अनन्य खंडों में बँटा है।<br><br>(क) I,II,III,IV<br>(ख) II ,III, I , IV<br>(ग) III , I , II , IV<br>(घ) II ,IV ,I ,III | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खण्ड [ख]** | |
| 17 | भूमिका स्थिरीकरण, समाज के कुछ सदस्यों के लिए कुछ विशिष्ट भूमिकाओं को सुदृढ़ करने की प्रक्रिया है। उदाहरण के लिए अकसर पुरुष कमाने वाली और महिलाएँ घर चलाने वाली रूढ़िबद्ध भूमिकाओं को निभाते हैं। सामाजिक भूमिकाओं और प्रस्थितियों को अकसर स्थिर और अपरिवर्तनीय रूप में देखा जाता है जोकि गलत है।<br><br>भूमिका स्थिरीकरण व्यक्ति के जीवन को किस प्रकार प्रभावित करता है ? | 2 |
| 18 | पूँजीवादी समाज की दो विशेषताएं बताएं । | 2 |
| | **अथवा** | |
| | 'नौकरशाही' से आप क्या समझते है । ये किस प्रकार से कार्यालयी आचरण को निर्धारित करती है । | |
| 19 | दो कारण बताए जिसके कारण भारतीय दस्तकार बरबाद हो गए । | 2 |
| 20 | श्रीनिवास द्वारा किए गए दो कार्यो के बारे में बताए । | 2 |
| | **अथवा** | |
| | देसाई द्वारा कल्याणकारी राज्य को कैसा राज्य बताया गया है ? कल्याणकारी राज्य की अर्थव्यवस्था कैसी होती है ? | |
| 21 | कुछ सुझाव युवा विद्यार्थियों के सम्मुख रखे जाते हैं। एक सुझाव प्रायः दिया जाता है कि 'मेहनत से पढ़ाई करोगे तो जीवन में सफलता पाओगे।' दूसरा सुझाव यह होता है कि यदि आप इस विषय अथवा विषयों के समूह की पढ़ाई करेंगे तो भविष्य में अच्छी नौकरी मिलने की ज़्यादा संभावना रहेगी।' तीसरा सुझाव इस प्रकार हो सकता है कि 'किसी लड़के के लिए यह विषय ज्यादा उपयुक्त नहीं दिखता' अथवा 'एक लड़की के तौर पर क्या आपके विषयों का चुनाव व्यावहारिक है?'<br><br>कौन से ऐसे सामाजिक कारण है जिन के कारण व्यक्ति पर विषय का चुनाव करने का दबाव होता है ? | 2 |
| 22 | आधुनिक समाज की एक मुख्य विशेषता 'सावयवी एकता' है और यह सदस्यों की विषमताओं पर आधारित है। यह बृहत् जनसंख्या वाले समाज में पाई जाती है, जहाँ अधिकतर सामाजिक संबंध अवैयक्तिक होते हैं। इस प्रकार के समाज का आधार संस्थाएँ होती हैं और इसका प्रत्येक घटक अथवा इकाई अपने आप में स्वावलंबी न होकर अपने उत्तरजीवी की दूसरी इकाई अथवा समूह पर आश्रित होती हैं।<br><br>'सावयवी एकता' की दो विशेषताएँ बताए ? | 2 |

https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| 23 | **घूर्ये द्वारा दी गई 'जाति की परिभाषा' की दो विशेषताएं बताये ?** | 2 |
| 24 | **कल्याणकारी राज्य एक सकारात्मक राज्य होता है। इसका अर्थ है कि वह उदारवादी राजनीति के शास्त्रीय सिद्धांत की लेसेज फेयर (Lassiez faire) नीति से भिन्न होता है। कल्याणकारी राज्य केवल न्यूनतम कार्य ही नहीं करता जो कानून तथा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक होते हैं। बल्कि कल्याणकारी राज्य हस्तक्षेपीय राज्य होता है और समाज की बेहतरी के लिए सामाजिक नीतियों को तैयार तथा लागू करने के लिए अपनी शक्तियों का प्रयोग सक्रिय रूप से करता है।**<br><br>**देसाई द्वारा बताए गए दो तरीके बताए जिसके आधार पर कल्याणकारी राज्य द्वारा किए गए कार्यों का परीक्षण किया जा सकता है ।** | 2 |
| 25 | **मार्क्स वर्ग संघर्ष के प्रतिपादक थे, उन्होने ' वर्ग संघर्ष ' के विषय में क्या कहा ।** | 2 |
| | **खण्ड [ग]** | |
| 26 | **समाजशास्त्रीय अध्ययन का विषय क्षेत्र काफ़ी व्यापक है। यह एक दुकानदार और ग्राहक के बीच एक अध्यापक और विद्यार्थी के बीच, दो मित्रों के बीच अथवा परिवार के सदस्यों के बीच की अंतःक्रिया के विश्लेषण को अपना केंद्रबिंदु बना सकता है।**<br><br>**किस प्रकार यह कहा जा सकता है कि समाजशास्त्रीय अध्ययन का विषय क्षेत्र काफ़ी व्यापक है ? अपने उत्तर के समर्थन में उचित बिंदु लिखें ।** | 4 |
| 27 | **प्राथमिक और द्वितीयक सामाजिक समूह में चार अंतर बताए ?** | 4 |
| 28 | **जन माध्यम हमारे जीवन का अहम हिस्सा किस तरह से बन चुके है ? विस्तार से बताए ।** | 4 |
| | **अथवा** | |
| | **एक आधुनिक समाज सांस्कृतिक विभिन्नता का प्रशंसक होता है तथा बाहर से पड़ने वाले सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाजे बंद नहीं करता। परंतु ऐसे सभी प्रभावों को सदैव इस प्रकार शामिल किया जाता है कि ये देशीय संस्कृति के तत्वों के साथ मिल सकें। विदेशी शब्दों को शामिल करने के बावजूद अंग्रेज़ी अलग भाषा नहीं बन पाई और न ही हिंदी फिल्मों के संगीत ने अन्य जगहों से उधार लेने के बावजूद अपना स्वरूप खोया।**<br><br>**सार्वभौमिक विश्व में, संचार के आधुनिक साधनों से संस्कृतियों के बीच अंतर कम हो रहे हैं । इस पर टिप्पणी करें ।** | |

| | | |
|---|---|---|
| 29 | **राजनीति और सामाजिक परिवर्तन के संबंध किस प्रकार के है ? कैसे ये एक दूसरे को प्रभावित करते है ? चर्चा करें ।** | 4 |
| 30 | **परिवार हमारे लिए ज़रूरी है । क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में उचित तर्क दें ।** | 4 |
| 31 | **यूरोप में संसार के बारे में सोचने-विचारने के बिलकुल नए व मौलिक दृष्टिकोण का जन्म हुआ ,यह दर्शन ज्ञानोदय के नाम से जाना गया । ज्ञानोदय पर संक्षिप्त टिप्पणी करें ?** | 4 |
| 32 | **भारतीय संदर्भ में संघर्ष तथा विद्रोह सामूहिक अनुभवों के आधार पर कार्य करते हैं। परंतु परंपरा का लचीलापन इसका ध्यान रखता है कि संघर्ष का दबाव परंपराओं को बिना तोड़े उनमें परिवर्तन लाए। अतः हम देखते हैं कि किस प्रकार प्रभावी रूढ़िवाद को लोकप्रिय विद्रोहों द्वारा चुनौती दी जाती है जो आगे चलकर रूढ़िवाद को परिवर्तित करने में सफल तो हो जाती हैं परंतु ये परिवर्तन आखिरकार परंपरा में अवशोषित कर लिए जाते हैं।**<br><br>**परंपरा एवं परिवर्तन पर डी.पी. मुकर्जी के विचार क्या थे ? उनके बारे में विस्तृत चर्चा करें ।** | 4 |
| | **खण्ड [घ]** | |
| 33 | **औपचारिक और अनौपचारिक संस्था में चार अंतर बताये । विद्यालय किस प्रकार की संस्था है। विस्तार से बताये।** | 6 |
| 34 | **मानदंड से आप क्या समझते हैं ? मानदंड किस प्रकार हमारे जीवन को प्रभावित करते है ? क्या मानदंड तय करने जरूरी हैं ?** | 6 |
| 35 | **विद्रोह असहमति दिखाने का तरीका है । इस पर टिप्पणी करें ।** | 6 |

https://www.evidyarthi.in